Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-52 | सागवाड़ा,शनिवार,5 नवम्बर, 2022 | भाषा : हिन्दी ई-पेपर | अवधि:(वार्षिक) | मूल्य-10 रु. | पृष्ठ-1


## विभागीय अधिकारी एक घंटे तक करते रहे इन्तजार, सदस्यों बोले नहीं हो रही जिला परिषद में हमारी सुनवाई

- जिला परिषद सदस्यों के बैठक में नहीं आने से जिला परिषद की साधारण सभा निरस्त
- सदस्यों ने जिला प्रमुख पर मनमानी करने व उनके काम नहीं होने के आरोप लगाए है, हालाँकि जिला प्रमुख ने इन आरोपों को निराधार बताया





**डूंगरपुर।** जिला परिषद सभागार में साधारण सभा की बैठक सदस्यों के नहीं आने से निरस्त हो गई 7 दोपहर साढ़े 12 बजे तक सीईओ के साथ अधिकारी सदस्यों के आने का इंतजार करते रहे। जबकि जिला प्रमुख और उपजिला प्रमुख कुछ सदस्यों के साथ चैंबर में ही बैठी रही। इधर सदस्यों ने जिला प्रमुख पर मनमानी करने व उनके काम नहीं होने के आरोप लगाए है 7 हालाकि जिला प्रमुख ने इन आरोपों को निराधार बताया है। डूंगरपुर जिले में तीन महीने बाद आयोजित हो रही जिला परिषद की साधारण सभा आज शुक्रवार दोपहर साढ़े 12 बजे बाद निरस्त हो गई। साधारण सभा की बैठक के लिए विभागीय अधिकारी, बीडीओ समेत कई कर्मचारी पहुंच गए थे। लेकिन तय समय के एक घंटे बाद भी सदस्यों के नही आने से बैठक को निरस्त कर दिया गया । जबकि उसी समय पर जिला प्रमुख सूर्या अहारी, उपजिला प्रमुख सुरता परमार समेत 3 सदस्य उनके चैंबर में ही बैठे रहे। वे भी ऊपर हॉल में नहीं आए। सीईओ दीपेंद्र सिंह राठौड़ की ओर बैठक निरस्त करने के बाद मोजूद अधिकारी भी वहा से चले गए। वहीं सीईओ ने कहा की अब ये बैठक अगले सप्ताह तक रखी जाएगी।

वही कुछ समय बाद ही बीटीपी से जिला परिषद सदस्य कमलेश ने कहा की जिस दिन से सदस्य बने है उनके क्षेत्र में कोई काम नहीं हुए है। ये समस्या सभी सदस्यों की है। उनसे प्रपोजल तो मांगे जाते है, लेकिन काम नहीं होते है। जो काम स्वीकृत होते है, उनकी भी बिना जानकारी दिए ही ठेकेदारों से सीधा मिलकर काम करवा देते है। वही सदस्यों को पिछले एक साल का भत्ता भी अभी तक नहीं दिया गया है 7 ऐसे में उनका सदस्य रहने का भी कोई मतलब नहीं है। उन्होंने साधारण सभा की बैठक का बहिष्कार करने की बात कही। उन्होंने कहा की आज तक उनके क्षेत्र में एक हैंडपंप तक नही लगा है। वहीं बहिष्कार और विरोध की बात को जिला प्रमुख सूर्या अहारी ने नकार दिया। जिला प्रमुख ने कहा की सदस्यों के नही आने से बैठक निरस्त की है। इस बैठक में मुख्यमंत्री और से मनरेगा योजना में 25 दिन बैठाने पर प्रस्ताव पास करना था। अब अगली बैठक में इस प्रस्ताव को पास करवाया जायेगा।

## डूंगरपुर स्थापना दिवस पर वागड़ महोत्सव का हुआ आगाज

### शहर में निकाली गई शोभायात्रा, खेलकूद प्रतियोगिता व लगाई गई प्रदर्शनी



**डूंगरपुर।** जिले के 741 वे स्थापना दिवस पर आज तीन दिवसीय वागड़ महोत्सव का आगाज हुआ।इस मौके पर शहर में जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग की ओर से शोभायात्रा निकाली गई।

ऊंट-घोड़ो के साथ निकाली गई शोभायात्रा में लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगो का दिल भी जीता। इधर वागड़ महोत्सव के तहत लक्ष्मण मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता के साथ प्रदर्शनी भी लगाई है। शहर के लक्ष्मण मैदान में राज्यमंत्री शंकर यादव ने देसी उत्पादों की बिक्री के स्टॉल ओर विभागीय योजनाओं के प्रचार संबंधी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।इस मौके पर डूंगरपुर विधायक गणेश घोगरा, कलेक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री व सभापति अमृतलाल कलासुआ भी मौजूद रहे।रात को भव्य आतिशबाज़ी की गई।

## घर में साडी के फंदे से लटका मिला शव, खेत में गए हुए थे परिवार के लोग

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के देवल गामडी गाँव में घर में एक युवक ने साडी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।परिवार के लोग खेत पर काम करने गए हुए थे।खेत से लौटने पर घटना का पता चला। इधर आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के सदर थाने थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया की देवल गामडी गाँव निवासी 23 वर्षीय दिनेश पुत्र थावरा गुजरात में मजदूरी का काम करता है।दीवाली पर घर आया हुआ था।आज सुबह दिनेश को छोड़कर परिवार के लोग खेत पर काम करने गए थे।इधर जब परिवार के लोग वापस लौटे तो देखा की घर के अन्दर दिनेश साडी के फंदे से लटका हुआ था और उसकी मौत हो चुकी थी।इधर दिनेश को फंदे लटका देख परिजनों के होश उड़ गए।घटना की जानकारी पर लोगो की भीड़ जमा हो गई।वही परिजनों ने मामले की सुचना सदर थाना पुलिस को भी दी। सुचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी ली।परिजनों ने बताया की दिनेश के पिता की मौत तीन साल पहले हो चुकी है वही उसके बाद माँ भी नातरे चली गई।दिनेश सहित तीन भाई है जिसमे दिनेश सबसे बड़ा है और गुजरात में मजदूरी का काम करता है।इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा।वही पुलिस ने शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया।फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एनिकट में डूबने से 2 साल के मासूम व माँ की हुई मौत

### बेटे को बचाने के चक्कर में गई माँ की भी जान, कपडे धोने गई थी महिला

**आसपुर।** डूंगरपुर जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के दरा खंडा गाँव में एनिकट में डूबने से 2 साल के बच्चे व उसकी माँ की मौत हो गई।महिला एनिकट पर कपडे धोने गई थी।इस दौरान 2 साल का बच्चा अचानक एनिकट में गिर गया था उसे बचाने के चक्कर में माँ ने भी एनिकट में छलांग लगा दी थी।इस दौरान दोनों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवो को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए है। दोवडा थाने के थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की थाना क्षेत्र के दरा खंडा गाँव निवासी वाली पत्नी डायालाल परमार गाँव के एनिकट में कपडे धोने गई थी।इस दौरान वाली के साथ उसका दो साल का बेटा मोहित परमार भी साथ था।एनिकट पर वाली कपडे धो रही थी इस दौरान खेलते-खेलते उसका बेटा मोहित अचानक पानी से भरे एनिकट में गिर गई।इधर 2 साल के बेटे को डूबता देख उसकी माँ वाली भी उसे बचाने के लिए एनिकट में छलांग लगा दी।वही एनिकट पर मौजूद एक लड़की ने दौड़कर घटना की जानकारी वाली के परिजनों को दी।सुचना पर परिजन व ग्रामीण दौड़कर एनिकट पर पहुंचे लेकिन तब तक माँ व बेटे दोंनो की डूबने से मौत हो चुकी थी।इधर ग्रामीणों ने दोनों के शव को एनिकट से बाहर निकाला।वही दोवडा थाना पुलिस को घटना की सुचना दी।सुचना पर दोवडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

इसके बाद पुलिस ने दोनों शवो को मौके से उठवाकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।मृतका वाली के एक बड़ी बेटी है।इधर वाली की मौत के बाद उसकी बेटी से माँ का साया उठ गया है।

## लापता किशोरी का घर से 500 मीटर दूर कुए में मिला शव

### तीन दिन से थी लापता, पुलिस कर रही मामले की जांच

**सीमलवाडा।** डूंगरपुर जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के कंपाकुंडली गाँव में लापता किशोरी का शव घर से 500 मीटर दूर कुए में मिलने से सनसनी फ़ैल गई है।किशोरी दसवी कक्षा की छात्रा थी और एक नवम्बर से घर से लापता थी।इधर पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया।वही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।डूंगरपुर जिले के चौरासी थाने के थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की कंपाकुंडली निवासी भागेश्वरी परमार ने रिपोर्ट दी है।रिपोर्ट में भागेश्वरी परमार ने बताया की उसकी 17 वर्षीय छोटी बहिन दीपा उर्फ़ दीपिका दसवी कक्षा की छात्रा है।एक नवम्बर को उसकी बहिन दीपिका परमार बिना किसी को बताये सुबह से घर से निकली थी।शाम तक वापस नहीं लौटी।इसके बाद परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन दीपिका का कही भी कोई सुराग नहीं लगा।

इधर कल शाम को भागेश्वरी गाँव निवासी दीवान सिंह के खेत से होकर गुजर रही थी।इस दौरान खेत में स्थित कुए में उसने एक लड़की के शव को तैरता हुआ देखा।जिस पर भागेश्वरी ने अपने परिजनों व ग्रामीणों को मामले की जानकारी दी।सुचना पर मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई।वही लोगो की सुचना पर चौरासी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।इधर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुए से बाहर निकलवाया।शव पानी में होने से सड-गल चूका था।इधर भागेश्वर ने कपड़ो के आधार पर मृतका की पहचान लापता अपनी छोटी बहिन दीपिका के रूप में की।वही शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने देर शाम शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इधर आज सुबह पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में मृतका का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। फिलहाल पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बहरीन में वागड़वासियों का दिपावली स्नेह मिलन, वागड़ में इन्वेस्टमेंट के लिये किया प्रोत्साहित



**सागवाड़ा।** बहरीन में रह रहे वागड़ के उद्यमियों की ओर से दीपावली स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि इंडियन एम्बेसी के पीयूष श्रीवास्तव थे। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर वर्गीस कुरियन, मोहम्मद दादाभाई, वागड समाज के अध्यक्ष नरपत सिंह और उपाध्यक्ष राकेश जोशी थे। बहरीन में वागड समाज के संस्थापक रमेश पाटीदार खुटवाड़ा ने मेहमानों का स्वागत अभिनंदन किया। वही बाहर से आये उद्यमियों को वागड़ में इन्वेस्टमेंट करने के लिये प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने उद्बबोधन में केवल वागड विकास पर फोकस किया।

साथ ही वागड़ के विकास और नये उद्योग स्थापित करने वीडियो प्रजेंटेशन भी दिया। साथ ही समाज के लिए उत्कृष्ट सेवा देने वालों तथा शिक्षा के क्षेत्र में समाज का नाम रोशन करने वालों को सम्मानित किया। साथ वागड़ की बहनों की ओर से द जो सांस्कृतिक प्रस्तुती दी उन्हें फ़ाइंडर मेम्बर अलीभाई ने पारितोषित देकर सम्मानित किया। वागड़ की बहनों ने अपने नृत्य प्रस्तुत किये और साथ ही राजस्थान के कलाकारों ने कच्ची घोड़ी और घूमर नृत्य प्रस्तुत कर सभी मेहमानो का भरपुर मनोरंजन किया। वागड़ के हास्य कलाकार धर्मेंद्र ने कविता प्रस्तुत की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थापक रमेश खुटखाडा, भोगीलाल सुथार, शैलेष दोसी सागवाड़ा, अलीभाई सागवाड़ा ने अपने मार्गदर्शन में वागड़ कोर कमेटी की रूपरेखा तैयार की।

वागड़ समाज पिछले 10 सालों से कई प्रकार के त्योहार मना रहा हैं जिसमे दीपावली, होली, नवरात्रि और कई प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार कर रहा है।

## राजनीति में हर व्यक्ति की महत्वाकांक्षा होती है,फर्क नजरिये का होता है : अशोक गहलोत

**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने सचिन पायलट का नाम लिए बिना उन पर तंज कसते हुए दो दिन पहले उठाए गए मुद्दे का जवाब दिया है। गहलोत ने कहा- हमारी पार्टी के भीतर तो चुनौतियां नहीं हैं। राजनीति में थोड़ा-बहुत तो हर आदमी का एंबिशन होता है, हम क्यों बुरा मानें हर आदमी अपना एंबिशन रखता है और रखना भी चाहिए, महत्वाकांक्षा होती है, महत्वाकांक्षा रहनी भी चाहिए। बोले- अप्रोच का फर्क होता है। इसलिए मैं नहीं चाहता कि मैं यहां पर कोई बात बोलूं, खाली यही है कि हम सब मिलकर इस बार अगला चुनाव जीते और ये पब्लिक इंटरेस्ट राजस्थान के लिए भी जरूरी है ।

## पीजे से की पालिका अध्यक्ष खोडनिया ने मुलाक़ात,वागड़ और जनजातीय संस्कृति पर शॉर्ट फ़िल्म बनाने का आग्रह

### सोशल मीडिया के कलाकार पीजे और दिव्या इन दिनों वागड में अपनी शॉर्ट फ़िल्म बना रहे हैं



**सागवाडा।** सोशल मीडिया के माध्यम से युवा दिलों पर अपनी धाक ज़माने वाले पंकज जोशी (पीजे)और उनके साथी दिव्या उपाध्याय इन दिनों डूंगरपुर के दौरे पर हैं। वे डूंगरपुर के गाँव में वागड़ पर एक शॉर्ट फ़िल्म बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से वे सागवाडा शहर सहित आस पास के गाँव में अपनी शूटिंग कर रहे है। पंकज जोशी मूल रूप से राजस्थान के डूंगरपुर जिले से है। वर्तमान में वे मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में रहते हैं। पंकज को उनके रोमाटिंक वीडियो के लिए खासा पसंद किया जा रहा है। दोनों को टिक टॉक पर काफी प्रसिद्धि मिली है। उनके वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहे हैं। खासकर युवा पंकज जोशी और दिव्या उपाध्याय की दीवाने हैं। दोनों का अभिनय वाकई कमाल का है। शुक्रवार को पीजे और उनकी साथ दिव्या ने नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया से मुलाक़ात की और वागड़ में बनाई जा रही शॉर्ट फ़िल्म के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने उनसे वागड़ की संस्कृति और ख़ासकर जनजातीय संस्कृति पर भी शॉर्ट फ़िल्म बनाने का आग्रह किया है। पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने कहा कि वागड़ के कलाकारों को हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष राजु मामा शेख़ सहित पालिका के पार्षदों ने उनका स्वागत किया। पंकज जोशी पीजे के 6 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। इससे आप अंदाज लगा सकते है कि सोशल मीडिया में दोनों के लिए कितनी दीवानगी है। पीजे कहते हैं कि सोशल मीडिया उभरती प्रतिभाओं के लिए बहुत ही अच्छा प्लेटफार्म है। यहां वे अपनी मेहनत से कॅरियर बना सकते हैं। बस आपको सही दिशा में प्रयास करना होगा।


## लापता किशोरी का घर से 500 मीटर दूर कुए में मिला शव

### तीन दिन से थी लापता, पुलिस कर रही मामले की जांच

**डूंगरपुर।** जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के कंपाकुंडली गाँव में लापता किशोरी का शव घर से 500 मीटर दूर कुए में मिलने से सनसनी फ़ैल गई है।किशोरी दसवी कक्षा की छात्रा थी और एक नवम्बर से घर से लापता थी।इधर पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया।वही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डूंगरपुर जिले के चौरासी थाने के थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की कंपाकुंडली निवासी भागेश्वरी परमार ने रिपोर्ट दी है।रिपोर्ट में भागेश्वरी परमार ने बताया की उसकी 17 वर्षीय छोटी बहिन दीपा उर्फ़ दीपिका दसवी कक्षा की छात्रा है।एक नवम्बर को उसकी बहिन दीपिका परमार बिना किसी को बताये सुबह से घर से निकली थी।

शाम तक वापस नहीं लौटी।इसके बाद परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन दीपिका का कही भी कोई सुराग नहीं लगा।इधर कल शाम को भागेश्वरी गाँव निवासी दीवान सिंह के खेत से होकर गुजर रही थी।इस दौरान खेत में स्थित कुए में उसने एक लड़की के शव को तैरता हुआ देखा। जिस पर भागेश्वरी ने अपने परिजनों व ग्रामीणों को मामले की जानकारी दी।सुचना पर मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई।

वही लोगो की सुचना पर चौरासी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। इधर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुए से बाहर निकलवाया।शव पानी में होने से सड-गल चूका था।

इधर भागेश्वर ने कपड़ो के आधार पर मृतका की पहचान लापता अपनी छोटी बहिन दीपिका के रूप में की।वही शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने देर शाम शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।इधर आज सुबह पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में मृतका का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया।फिलहाल पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।